कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक- 1049 /11-सी- FP/UP/Rail/29433/2017, लखनऊ, दिनांकः नवम्बर 24 ,2018

सेवा में,

वन संरक्षक,
वाराणसी वृत्त,
वाराणसी।

विषयः- जनपद-वाराणसी में इलाहाबाद-वाराणसी रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण डबलिंग हेतु प्रभावित 14.691 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 101 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः- इस कार्यालय का पत्रांक-762/11-सी-FP/UP/Rail/29433/2017, दिनांक-09.10.2018 एवं आपका पत्रांक-1466/29-1, दिनांक-16.11.2018

महोदय,

इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 09.10.2018 द्वारा विषयांकित प्रकरण में पायी गयी कमियों/अभिलेखों का निराकरण आपने अपने उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 16.11.2018 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया, जिसमें परीक्षणोपरान्त पुनः निम्नलिखित कमियों/अभिलेखों का अभाव पाया गया:-

1. प्रस्ताव में प्रभावित होने वाले वृक्षों की प्रजातिवार वैज्ञानिक नाम सहित सूची/सारांश ऑनलाइन भाग-2 के Girthwise enumeration list के अनुसार पुनः संलग्न नहीं किया गया है। अतः तदानुसार संलग्न करते हुये ऑनलाइन भाग-2 में अपलोड करे।
2. प्रभावित वनभूमि के सापेक्ष दुगने अवनत वनभूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण के प्राक्कलन में पुनः 09 वर्षों का ही अनुरक्षण लिया गया है, जोकि अपूर्ण है। अतः प्रभावित वनभूमि के सापेक्ष दुगने अवनत वनभूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 10 वर्षों के अनुरक्षण सहित विस्तृत प्राक्कलन संलग्न करे तथा ऑनलाइन भाग-2 में प्राक्कलन एवं धनराशि अपलोड करे।
3. ऑनलाइन भाग-2 के क्रमांक-13(ii) में अपलोड किया गया क्षतिपूरक वृक्षारोपण का प्राक्कलन ओपन नहीं हो रहा है।

अतः उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर, सम्बन्धित अभिलेखों को प्रस्ताव में संलग्न करते हुए संशोधित प्रस्ताव की 03 प्रतियॉ इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। प्रस्ताव की मूल प्रतियाँ इस कार्यालय से अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त करने का कष्ट करें।

भवदीय

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या- 1049 /11-सी- FP/UP/Rail/29433/2017, दिनांकित।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रभागीय वनाधिकारी, वाराणसी वन प्रभाग, वाराणसी।
2. प्रोजेक्ट डायरेक्टर, बी0एस0बी0-इलाहाबाद डबलिंग प्रोजेक्ट, रेलवे विकास निगम लि0, वाराणसी।

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-2418